# E-192001–A

## विषय : हिन्दी ( विशिष्ट )

समय : 3 घण्टे ] [ पूर्णांक : 100

*निर्देश* : (*i*) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। कुल 26 प्रश्न हैं।

(*ii*) प्रश्न क्रमांक 1 वस्तुनिष्ठ प्रश्न है। खण्ड-(अ) में 5 अंक बहुविकल्पीय, खण्ड-(ब) में 5 अंक रिक्त स्थानों की पूर्ति एवं खण्ड-(स) में 5 अंक उचित संबंध जोड़िए के लिए निर्धारित हैं। कुल 15 अंक हैं।

(*iii*) प्रश्न क्रमांक 2 से 10 में 2 अंक निर्धारित हैं। शब्द-सीमा *30* शब्द है।

(*iv*) प्रश्न क्रमांक 11 से 17 में 3 अंक निर्धारित हैं। शब्द-सीमा *50* शब्द है।

(*v*) प्रश्न क्रमांक 18 से 21 में 4 अंक निर्धारित हैं। शब्द-सीमा *75* शब्द है। प्रत्येक प्रश्न में विकल्प है।

(*vi*) प्रश्न क्रमांक 22 एवं 23 में 5-5 अंक निर्धारित हैं। शब्द-सीमा *100* शब्द है। प्रत्येक प्रश्न में विकल्प है।

(*vii*) प्रश्न क्रमांक 24 एवं 25 में 6-6 अंक निर्धारित हैं। शब्द-सीमा *125* शब्द है। प्रत्येक प्रश्न में विकल्प है।

(*viii*) प्रश्न क्रमांक 26 निबंधात्मक प्रश्न है। शब्द-सीमा *250* शब्द है तथा 8 अंक निर्धारित है।

---

प्रश्न-1 ( खण्ड-अ ) सही विकल्प चुनकर लिखिए : [1×5=5]

(*i*) अंग्रेजी साहित्य के सुप्रसिद्ध निबंधकार थे :

( *अ*) शेक्सपियर

( *ब*) ए. जी. गार्डिनर

( *स*) बाणभट्ट

( द) बख्शी जी

(*ii*) 'उसने कहा था' गद्य की एक विधा है :

(*अ*) उपन्यास

(*ब*) जीवनी

(*स*) कहानी

(*द*) आत्मकथा

(*iii*) 'विश्व-मंदिर' में झलक दिखाई देगी :

(*अ*) सामंजस्य की

(*ब*) ऐश्वर्य की

(*स*) अनेकता में एकता की

(*द*) आकर्षण की

(*iv*) पत्थर के बने मृतकों के स्मृति चिह्न को आदिवासी कहते हैं :

(*अ*) मकबरा

(*ब*) मसानघाट

(*स*) देवताचू

(*द*) गाता-कल्फ

(*v*) इसमें निराला जी की रचना नहीं है :

(*अ*) ग्राम्या

(*ब*) परिमल

(*स*) अनामिका

(*द*) कुकुरमुत्ता

प्रश्न-1 ( खण्ड-ब ) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए : [1×5=5]

(*i*) बाणभट्ट की पुस्तक का नाम —— है।

(*ii*) बिना फेरे घोड़ा बिगड़ता है और बिना लड़े —— ।

(*iii*) उद्धव —— का उपदेश देने ब्रज आए थे।

(*iv*) जो गद्यांश पढ़ा न गया हो, उसे —— गद्यांश कहते हैं।

(*v*) अर्थ की दृष्टि से वाक्य के —— भेद किए गए हैं।

प्रश्न-1 ( खण्ड-स ) उचित संबंध जोड़िए : [1×5=5]

| ( क ) | | ( ख ) |
|---|---|---|
| (*i*) शेक्सपियर | – | किसान |
| (*ii*) ब्रह्मदेव शर्मा | – | छः चरणों वाला छंद |
| (*iii*) छप्पय | – | महाकाव्य |
| (*iv*) कामायनी | – | बेजुबान |
| (*v*) धरती के भगवान | – | एज यू लाइक इट |

प्रश्न-2 ''मेरा मुझमें कुछ नहीं, जो कुछ है सब तोर।'' में किसके प्रति समर्पण का भाव व्यक्त किया गया है? [2]

प्रश्न-3 रस की परिभाषा देते हुए उनके अंगों के नाम लिखिए। [1+1=2]

प्रश्न-4 उद्धव के ब्रज आगमन की सूचना पाकर गोपियों की क्या प्रतिक्रिया हुई? [2]

प्रश्न-5 श्रद्धालु मंदिर क्यों जाते हैं? [2]

प्रश्न-6 विभावना अलंकार की परिभाषा देते हुए, उदाहरण लिखिए। [1+1=2]

प्रश्न-7 'तुम्हारी प्रेरणाओं से मेरी प्रेरणा इतनी भिन्न है' से कवि का क्या तात्पर्य है? [2]

प्रश्न-8 'फ्री स्टाइल गवाही' एकांकी का उद्देश्य लिखिए। [2]

प्रश्न–9 तापस बाला गंगा के सौंदर्य का संक्षेप में वर्णन कीजिए। [2]

प्रश्न–10 'करमइता' शब्द का क्या अभिप्राय है ? [2]

प्रश्न–11 मानव समाज में निरन्तर सुधार की प्रक्रिया क्यों जारी रहती है ? [3]

प्रश्न–12 'उसने कहा था' कहानी से हमें क्या प्रेरणा मिलती है ? [3]

प्रश्न–13 मिट्टी प्रजा रूप कैसे हो जाती है ? [3]

प्रश्न–14 घनानंद के काव्य की विशेषताएँ लिखिए (कोई *तीन*)। [1+1+1=3]

प्रश्न–15 'चीनी फेरीवाला' अपने देश वापस क्यों चला गया? लेखिका ने उसकी किस प्रकार सहायता की ? [$1\frac{1}{2}+1\frac{1}{2}=3$]

प्रश्न–16 कवित्त छंद को सोदाहरण समझाइए। [3]

प्रश्न–17 'चुरकी और मुरकी' कहानी हमें क्या संदेश देती है ? [3]

प्रश्न–18 जगन्नाथ दास 'रत्नाकर' अथवा नरेश मेहता का साहित्यिक परिचय निम्नलिखित बिन्दुओं के आधार पर दीजिए : [$1+1\frac{1}{2}+1\frac{1}{2}=4$]

(*i*) रचनाएँ (कोई दो)

(*ii*) भावपक्ष – कोई तीन विशेषताएँ

(*iii*) कलापक्ष – कोई तीन विशेषताएँ

प्रश्न–19 दादा मूलराज अथवा बेला के चरित्र की कोई चार विशेषताएँ लिखिए। [1+1+1+1=4]

प्रश्न–20 हरिशंकर परसाई अथवा महादेवी वर्मा का साहित्यिक परिचय निम्नलिखित बिन्दुओं के आधार पर दीजिए : [1+2+1=4]

(*i*) रचनाएँ (कोई दो)

(*ii*) भाषा तथा शैली

(*iii*) साहित्य में स्थान

प्रश्न-21 सुभाषचंद्र बोस ने लोकमान्य तिलक को विश्व के महान पुरुषों में प्रथम पंक्ति में स्थान मिलने की बात क्यों कही ? [4]

*अथवा*

छायावाद की कोई दो विशेषताएँ लिखते हुए इसके प्रमुख दो कवियों के नाम लिखिए।

प्रश्न-22 निम्न पद्यांशों में से किसी एक पद्यांश की संदर्भ, प्रसंग एवं विशेष सहित व्याख्या कीजिए : [1+1+1+2=5]

"ब्रह्मा से कुछ लिखा भाग्य में मनुज नहीं लाया है।
अपना सुख उसने अपने भुज-बल से ही पाया है॥
ब्रह्मा का अभिलेख पढ़ा करते निरुद्यमी प्राणी।
धोते वीर कु-अंक भाल का, बहा भ्रुवों से पानी॥"

*अथवा*

हे विराट! हे विश्व देव! तुम
कुछ हो ऐसा होता भान,
मंद गंभीर धीर स्वर संयुत
यही कर रहा सागर गान।"

प्रश्न-23 निम्नलिखित गद्यांशों में से किसी एक की संदर्भ, प्रसंग एवं विशेष सहित व्याख्या कीजिए : [1+1+1+2=5]

"तरुणों के लिए रोग और मृत्यु दोनों सुखद है, क्योंकि दोनों में प्रेम की मधुरता है पर संसार में प्रविष्ट होते ही प्रेम का यह कल्पित संसार न जाने कहाँ विलीन हो जाता है। तब उन्हें ढोल की कर्कशता मालूम हो जाती है।"

*अथवा*

''संसार में तटस्थ रहकर शांति-सुखपूर्वक लोक-व्यवहार संबंधी उपदेश देने वालों का उतना अधिक महत्व हिन्दू धर्म में नहीं है, जितना संसार के भीतर घुसकर उसके व्यवहारों के बीच सात्विक विभूति की ज्योति जगानेवालों का है। हमारे यहाँ उपदेशक ईश्वर के अवतार नहीं माने गए हैं। अपने जीवन द्वारा कर्म-सौंदर्य संघटित करने वाले ही अवतार कहे गए हैं।''

प्रश्न-24 शाला शुल्क मुक्ति हेतु आर्थिक कारण बताते हुए अपने विद्यालय के प्राचार्य को आवेदन-पत्र लिखिए। [ $1\frac{1}{2}+3+1\frac{1}{2}=6$

*अथवा*

महासमुंद नगरपालिका के अध्यक्ष के पास एक शिकायती पत्र लिखिए जिसमें मुहल्ले में सफाई न होने के संबंध में शिकायत हो।

प्रश्न-25 निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे किन्हीं *चार* प्रश्नों के उत्तर दीजिए : [ $1\frac{1}{2}+1\frac{1}{2}+1\frac{1}{2}+1\frac{1}{2}=6$ ]

''शिक्षा इंसान को इंसान बनाती है। आज के भौतिकवादी युग में शिक्षा का मुख्य उद्देश्य सुख पाना रह गया है। अंग्रेजों ने इस देश में अपना शासन चलाने के लिए ऐसी शिक्षा को उपयुक्त समझा है, किन्तु यह विचाराधारा हमारी मान्यता के विपरीत है। आज की शिक्षा प्रणाली एकांगी है। उसमें व्यावहारिकता का अभाव है। श्रम के प्रति निष्ठा नहीं है। प्राचीन शिक्षा प्रणाली में आध्यात्मिक एवं व्यावहारिक जीवन की प्रधानता थी। यह शिक्षा जीवन को सही दिशा प्रदान करने में सहायक थी।''

(*i*) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक दीजिए।

(*ii*) भौतिक युग में शिक्षा का मुख्य उद्देश्य क्या हो गया है ?

(*iii*) प्राचीन शिक्षा प्रणाली की विशेषता लिखिए।

(*iv*) वर्तमान शिक्षा प्रणाली कैसी है ?

(*v*) शिक्षा का महत्व लिखिए।

*अथवा*

"जनसंख्या विस्फोट से सारा देश भयाक्रांत है। जहाँ भी जाओ लोगों की अनंत भीड़ दिखाई देती है। महानगरों में तो लोगों का पैदल चलना मुश्किल हो गया है। चारों तरफ बेरोजगारी का संकट छाया हुआ है। निर्धनता मुँह फैलाए खड़ी है। लोगों का जीवन-स्तर गिरता जा रहा है। गरीब और गरीब होते जा रहे हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य और आवास की समस्या का संकट गहराता जा रहा है। आबादी और साधनों का संतुलन टूट चुका है।"

(*i*) गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।

(*ii*) लोगों का पैदल चलना कहाँ मुश्किल हो गया है ?

(*iii*) चारों तरफ कौन-सा संकट छाया हुआ है ?

(*iv*) सारा देश किससे भयाक्रांत है ?

(*v*) गद्यांश का सारांश लिखिए।

**प्रश्न-26** निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर लगभग *250* शब्दों में सारगर्भित निबंध लिखिए : [2+4+2=8

(*i*) स्वच्छ भारत अभियान में छात्रों की भूमिका

(*ii*) विद्यार्थी और अनुशासन

(*iii*) जीवन में खेलों का महत्व

(*iv*) महँगाई की समस्या

(*v*) जल ही जीवन है

..........